UPRB010001262011

**न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश, पंचम, रायबरेली।**

**उपस्थितः– गुणेन्द्र प्रकाश (एच०जे०एस०)**

**सत्र वाद संख्या– 848/2011**
**उ०प्र० राज्य बनाम आशाशंकर पाण्डेय आदि**
**अपराध संख्या– 1542/2010**
**धारा– 323, 504, 506, 308 भा०दं०सं०**
**थाना– सरेनी, जिला रायबरेली।**

---

**दिनांक–17.07.2026**

पत्रावली पेश हुयी। पुकार पर अभियुक्त बब्लू पाण्डेय उर्फ गिरजेश उपस्थित है तथा अभियुक्तगण आशाशंकर, नन्हकऊ व अशोक कुमार की हाजिरी माफी प्रस्तुत की गयी, जो स्वीकृत की गयी। अभियुक्त बब्लू पाण्डेय उर्फ गिरजेश द्वारा माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद खण्डपीठ लखनऊ द्वारा प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 482 संख्या– 4733/2026 आशा शंकर पाण्डेय व 3 अन्य बनाम उ०प्र० राज्य द्वारा प्रमुख गृह सचिव उ०प्र० शासन लखनऊ और अन्य के मामले में पारित आदेश दिनांकित 29.05.2026 की प्रति प्रस्तुत की गयी।

माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित उक्त आदेश को कम्प्यूटर अनुभाग से सत्यापित कराया गया, कम्प्यूटर अनुभाग द्वारा उक्त आदेश उपलब्ध होने की आख्या दी गयी।

माननीय उच्च न्यायालय के आदेश का अवलोकन किया गया। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा सत्र वाद संख्या– 848/2011, उ०प्र०राज्य बनाम आशा शंकर पाण्डेय व अन्य मु०अ०सं०– 1542/2010 अंतर्गत धारा– 323, 504, 506, 308 भा०दं०सं०, थाना सरेनी, जिला रायबरेली की सम्पूर्ण कार्यवाही को (Quashed) अपास्त किया गया है। चूंकि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा उक्त सत्र परीक्षण की सम्पूर्ण कार्यवाही को अपास्त (Quashed) किया गया है इसलिए माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में सत्र वाद संख्या– 848/2011 राज्य बनाम आशा शंकर पाण्डेय व अन्य मु०अ०सं०– 1542/2010 अंतर्गत धारा– 323, 504, 506, 308 भा०दं०सं०, थाना सरेनी, जिला रायबरेली की सम्पूर्ण कार्यवाही समाप्त किये जाने योग्य है।

**आदेश**

माननीय उच्च न्यायालय द्वारा प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 482 संख्या- 4733/2026 आशा शंकर पाण्डेय व 3 अन्य बनाम उ०प्र० राज्य द्वारा प्रमुख गृह सचिव उ०प्र० शासन लखनऊ और अन्य के मामले में पारित आदेश दिनांकित 29.05.2026 के अनुपालन में सत्र वाद संख्या- 848/2011 उ०प्र० राज्य बनाम आशा शंकर पाण्डेय व अन्य मु०अ०सं०- 1542/2010 अंतर्गत धारा- 323,504,506,308 भा०दं०सं०, थाना सरेनी, जिला रायबरेली की सम्पूर्ण कार्यवाही समाप्त की जाती है। वाद आवश्यक कार्यवाही पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

**(गुणेन्द्र प्रकाश)**
**अपर सत्र न्यायाधीश, पंचम,**
**रायबरेली।**
(JO CODE-UP6443)

Digitally signed by Gunandra Prakash
Date: 2026.08.06 16:28:18 IST
Reason: order
Location: District and Sessions Court,
raebareli